# 2.70 देशी मदिरा बरामद, खिरैटीमाल में अवैध मदिरा विक्रेताओं पर दबिश

# आबकारी की दबिशः 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में प्राप्त शिकायत के परिप्रेक्ष्य में गत दिवस वृत्त परासिया प्रभारी अधिकारी द्वारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खिरैटीमाल में अवैध मदिरा विक्रताओं पर प्रभावी सघन दबिश कार्यवाही की गई। ग्राम अंतर्गत लता साहू पति गोविंद साहू, कलावती कावरेती पति श्रीप्रसाद, धुरू प्रसाद कवरेती पिता श्री प्रसाद कवरेती, शांति चांदपुरिया पति गलीचंद चांदपुरिया, प्रेम नारायण विश्वकर्मा पिता बाबूलाल के मकानों की समक्ष विधिवत रिहायशी मकानों की तलाशी लेने पर कुल 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा सहित 2.70 देशी मदिरा बरामद किया गया। इस तलाशी एवं दबिश कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क, 54 अंतर्गत 05 आरोपी सहित कुल 05 प्रकरण कायम किया गया। इस दबिश कार्यवाही में वृत प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक श्री जीत सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक श्री ओम नारायण बाम्हने, सुश्री दीपाली झारिया एवं सुश्री प्रियंका सरयाम का योगदान रहा।

## शासकीय प्राथमिक शाला बाड़ीबाड़ा में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षक निलंबित

**छिंदवाड़ा।** जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल द्वारा विकासखंड मोहखेड़ के शासकीय प्राथमिक शाला बाड़ीबाड़ा संकुल केन्द्र सांवरीबाजार में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक देवीराम करपेती के शाला में शराब पीकर उपस्थित होने तथा कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल ने बताया कि विकासखंड मोहखेड़ के शासकीय प्राथमिक शाला बाड़ीबाड़ा संकुल केन्द्र सांवरीबाजार में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक करपेती के शाला में रोज शराब पीकर उपस्थित होने, ग्रामीणों के समझाने पर उन्हीं से विवाद करने, शराब के नशें में 02 दिसंबर 2025 को प्राथमिक शिक्षक श्री करपेती द्वारा शाला में बच्चों को प्रताड़ित कर अव्यवस्था फैलाने तथा ग्रामीणों से जानकारी लेने पर प्राथमिक शिक्षक श्री करपेती ग्राम की गली में नशे की हालत में पड़े मिले। प्राथमिक शिक्षक श्री करपेती की अध्यापन कार्य में कोई रूचि नहीं होने, उनके शाला में शराब पीकर उपस्थित होने से शाला का वातावरण प्रभावित होने एवं बच्चों में भय की स्थिति निर्मित होने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से शासकीय सेवा से निलंबित किया जाकर, मुख्यालय, कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा नियत किया गया है। विभागीय अनुशासन एवं मर्यादा बनाये रखने के लिये ऐसे आचरण को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## डॉ रेणुका सिंह को 15 दिनों के लिए परासिया अस्पताल भेजा, शिकायत की जांच का परिणाम सजा या पुरस्कार

**परासिया :-** बीते दिनों चांदामेटा सिविल अस्पताल में एक प्रसूता के पेट में कपड़ा छोड़ दिया गया । परिजनों से पैसे मांगे गए । मामले में शिकायत हुई । जांच का परिणाम स्वरुप डॉ रेणुका सिंह को सिर्फ 15 दिनों के लिए परासिया अस्पताल भेजा गया । अब यह लापरवाही का ईनाम है या सजा , शिकायतकर्ता के समझ से परे है ।गौरतलब है , गत माह 18 नवंबर को मोरडोंगरी के इटावा निवासी देविका ने चांदामेटा सिविल अस्पताल में कन्या को जन्म दिया । छुट्टी होने पर वह घर गई । घर में प्रसूता की तबियत खराब हुई , उसे छिंदवाड़ा में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टर ने प्रसूता के पेट में कपड़ा होने की बात बताई , और इसी के चलते प्रसूता को इन्फेक्शन होना बताया , फिर क्या था , परिजनों ने सिविल अस्पताल चांदामेटा में पदस्थ डॉक्टर रेणुका और डिलीवरी स्टॉफ के खिलाफ शिकायत कर जांच की मांग उठाई । प्रसूता के पति कैलाश साहू ने डॉक्टर के द्वारा 43 सौ रूपये लेने की भी शिकायत की । जिसके बाद जांच कमेटी बनी । अब सूत्रों से पता चला है , कि डॉक्टर रेणुका सिंह को 15 दिनों के लिए परासिया अस्पताल भेज दिया गया है । प्रसूता और उसके परिजनों के लिए यह बात समझ से परे है , कि डिलीवरी के दौरान डॉक्टर और स्टॉफ के द्वारा बरती गई गंभीर लापरवाही का यह ईनाम है या सजा ??

## भाजपा नेताओं एवं प्रशासन के अन्याय का मुँहतोड़ जवाब देगा कांग्रेस संगठन : सुनील उईके



**तामिया / जुन्नारदेव** - कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा नेताओं एवं प्रशासन के अन्याय से डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। वर्तमान समय में संगठन को मजबूत कर जनसमस्याओं को लेकर सड़क पर उतरने की जरूरत है। भाजपा के लोग केवल सत्ता के दम पर शासन–प्रशासन की आड़ लेकर दमन का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस किसी भी कीमत पर अन्याय के सामने झुकने वाली नहीं है। कांग्रेस का जन्म ही संघर्ष से हुआ है और यह संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। छिंदी एवं तामिया ब्लॉक के कार्यकर्ताओं के साथ मैं कंधे से कंधा मिलाकर हर आंदोलन में खड़ा रहूँगा।यह उद्गार जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके ने ब्लॉक कांग्रेस तामिया एवं छिंदी की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।शुक्रवार को तामिया स्थित गुरुकृपा होटल में आयोजित इस बैठक में संगठन की मजबूती एवं क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर शीघ्र ही एक बड़े आंदोलन की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे एवं विधानसभा प्रभारी गोविंद राय के निर्देश पर आयोजित की गई। बैठक में अमरवाड़ा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे धीरनशा इवनाती की भी प्रमुख उपस्थिति रही।बैठक को संबोधित करते हुए धीरनशा इवनाती ने कहा कि उपचुनाव में भले ही वे कुछ मतों के अंतर से सफल नहीं हो पाए हों, लेकिन अमरवाड़ा विधानसभा के हजारों मतदाताओं ने उन पर भरोसा जताया है। वे जनता और कार्यकर्ताओं के इस विश्वास पर हमेशा खरा उतरेंगे तथा कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ कदम से कदम मिलाकर संघर्ष करते रहेंगे।बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता इंद्र कुमार बत्रा, राजेश राय, तामिया पर्यवेक्षक घनश्याम तिवारी, तामिया ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, छिंदी ब्लॉक अध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने संगठन सुदृढ़ीकरण और आंदोलन की रणनीति को लेकर अपने-अपने सुझाव रखे।

## वेतन के लिए कामगारों ने किया एथेनॉल कंपनी के बाहर प्रदर्शन



**सौंसर।** सिलोरा रामपेट क्षेत्र के अंतर्गत संचालित होने वाली एथेनॉल कंपनी में विगत 2 महीने से कामगारों को वेतन नहीं मिलने के चलते कामगारों ने कंपनी गेट के बाहर शुक्रवार शाम को विरोध प्रदर्शन करते हुए वेतन देने की मांग की है।मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों किसानों के द्वारा इथेनॉल कंपनी से निकल रहा है रासायनिक प्रदूषण और कनों कारण कपास मुगफली सोयाबीन की फैसले खराब होने को लेकर कंपनी प्रबंधन को ज्ञापन सोपा गया था, जिसके बाद में एथेनाल कंपनी प्रबंधन के द्वारा यहां पर प्रोडक्शन बंद किया गया था। कामगारों से मिली जानकारी के अनुसार ईथेनॉल कंपनी प्रबंधन के द्वारा विगत दो माह से कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया है. पूर्व में हर माह 12 तारीख को वेतन हो किया जाता था,वर्तमान में वेतन को लेकर बार-बार कर्मचारियों के द्वारा प्रबंधन से शिकायत मांग करने के बाद भी कोई समाधान नहीं किया जा रहा था, जिसके चलते शुक्रवार शाम को कामगारों ने कंपनी गेट के बाहर प्रदर्शन करते हुए वेतन देने की मांग की है। विरोध के बाद में कंपनी प्रबंधन की ओर से आशीष दुबे के द्वारा कामगारों के साथ में चर्चा होने की जानकारी प्राप्त हुई है। इथेनॉल कंपनी कर्मचारियों को कंपनी की ओर से वेतन नहीं मिलने के चलते आगामी समय में आंदोलन और उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को लेकर भी कर्मचारियों के बीच में चर्चा हुई है।

# दो वर्षो के इंतजार के बाद आखिर शुरू हो गया भजिया नदी पुल का निर्माण

### निर्माण कर रही निर्माण ऐजेंसी के पुराने ठेकेदार को पूर्व कलेक्टर ने लापरवाही के चलते किया था टर्मिनेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



सिंगोड़ी से पलटवारा मार्ग में भाजिया नदी के ऊपर पिछले तीन वर्षो से नए पुल का निर्माण चल रहा था निर्माण एजेंसी के द्वारा लापरवाही बरते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा था। ऐजेंसी ने पूर्व से बना पुल तोड़ दिया था जहां बारिश के दौरान दर्जनों गांव के ग्रामीणों का संपर्क सिंगोड़ी से टूट गया था। तब कभी हल्ला मचा हुआ था जिसको लेकर पूर्व कलेक्टर ने कई अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस तथा ठेकेदार को टर्मिनेट कर दिया था। वही ग्रामीणों की मांग और समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुए पांच किलो मीटर अतिरिक्त जगह ग्राम बाका मुकाशा से होते हुए सिंगोड़ी का रास्ता बनाया था। तब जाकर स्कूल में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र मरीजों किसानों व्यापारियों को आवागमन करने में सुभिदाए मिल सकी थी। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू सरस्वार ने बताया की सिंगोड़ी अंतर्गत ग्राम भजिया नदी के पुल का निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते नही बन सका था जिससे 30 से 40 गाँवो के ग्रामीणों को भारी परेसानियो का सामना करना पड़ा था हमने सांसद बंटी साहू भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव और विधायक कमलेश शाह को उक्त समस्या से लगातार अवगत करवाते रहे इन माननीयों के द्वारा दो करोड़ स्वीकृत करवाया गया जिससे आगामी बारिश के पहले पुल का निर्माण पूरा हो सकेगा। सुक्रवार को उक्त पुल का भूमि पूजन भाजपा मंडल द्वारा किया गया।

## वार्षिक महोत्सव एवं सम्मान समारोह 21 को

**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला वार्षिक महोत्सव संगठन की एक महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी परंपरा है। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित एवं प्रभावशाली बनाना है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की विचारधारा, उद्देश्य एवं योजनाएँ प्रभावी रूप से पहुँच सकें। इस वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु नए सदस्यों का मनोनयन किया जाएगा। नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन का विस्तार होगा, युवाओं एवं मातृशक्ति को नेतृत्व का अवसर प्राप्त होगा तथा समाज सेवा के कार्यों को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। साथ ही इस अवसर पर संगठन के उन पदाधिकारियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जा रहा है, जिन्होंने समाजहित, संगठनात्मक विकास, सेवा, समर्पण एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है।

## पेंशनर दिवस का वार्षिक आयोजन संपन्न

**दमुआ।** 17 दिसंबर को वार्षिक आयोजन चिल्ड्रन पार्क दमुआ में दोपहर 11 बजे से किया गया। राष्ट्र गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात स्व. जे. एन. सिंह साहब के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सर्वप्रथम इस वर्ष दिवंगत पेंशनर साथियों को स्मरण करते हुए उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक मिनट का मौन धारण किया गया। शाखा कन्हान क्षेत्र द्वारा वर्ष भर में किए गए कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रस्तुत की गई। जानकारी देते हुए बताया गया कि बैंक के माध्यम माध्यम से परिवार पेंशन के दस प्रकरण एवं प्रबंधन के माध्यम से भी विधवा पेंशन के प्रकरण के निराकरण कराए गए। सभी पेंशनर्स साथियों को अवगत कराया गया कि सभी साथी संशोधित पेंशन भुगतान आदेश पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। जिन साथियों को संशोधित पी पी ओ प्राप्त हो गए हैं वे ध्यानपूर्वक सभी जानकारियों को जांच कर लें और किसी प्रकार की कोई त्रुटि पाई जाने पर उसे ठीक करवा लें। न्यायालयीन प्रकरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि इस माह एक,दो,चार एवं दस तारीख को सुनवाई की गई और भविष्य निधि एवं हमारे अधिवक्ताओं को अक्चुरी एवं **CAG** की समस्त रिपोर्ट एफिडेविट के साथ 15 जनवरी 2026 को न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## किडनी फेल्योर को समझेंः डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांट से कैसे बचाते हैं जीवनः डॉ. विशाल रामटेके



**छिंदवाड़ा।** क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) एक ऐसी स्थिति है जिसमें किडनी धीरे-धीरे खून से गंदगी निकालने और शरीर के एसिड-बेस संतुलन को बनाए रखने की क्षमता खो देती हैं। यह एक गंभीर बीमारी है, जिसके लक्षणों में भूख न लगना, थकान, शरीर में सूजन, सांस फूलना और खून की कमी (हीमोग्लोबिन कम होना) शामिल हैं। हालांकि यह सुनने में डरावना लग सकता है, लेकिन मेडिकल क्षेत्र में हुई प्रगति के कारण किडनी फेल होने के बाद भी जीवन को बेहतर तरीके से संभालना अब संभव हो गया है।डॉ. विशाल वसंत रामटेके, प्रिंसिपल कंसल्टेंट – नेफ्रोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने कहा की,जब किसी मरीज की किडनी ठीक से काम नहीं कर पातीं हैं, तब डायलिसिस एक जीवन बचाने वाला उपचार बन जाता है। डायलिसिस को रीनल रिप्लेसमेंट थैरेपी भी कहा जाता है। इसके दो प्रकार होते हैं हीमोडायलिसिस और पेरिटोनियल डायलिसिस, जिसे सीएपीडी (कंटीन्यूअस एम्बुलेटरी पेरिटोनियल डायलिसिस) भी कहा जाता है।

# प्रेस वार्ता में दागे कलेक्टर कार्यालय, किसान हित, भूली जलाशय के सवाल

### कलेक्टर कार्यालय का स्थान जनमानस के अनुरूप होगा - प्रभारी मंत्री तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



19 दिसंबर को प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश के उर्जा मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का ध्यान कलेक्टर कार्यालय भवन निर्माण के विवादित स्थान पर आकर्षित करते हुए सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि कार्यालय का स्थान तय करते समय जनमानस की मंशा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। जिला विकास सलाहकार समिति में कुछ निश्क्रिय और क्षेत्र का ज्ञान न रखनेवालों को सदस्य बनाए जाने के सवाल पर इन्होंने कहा इस पर विचार किया जाएगा। इन्होंने बताया कि जिला सलाहकार समिति पांढुर्ना जिले के विकास का रोड मैन बनाएगी।

किसानों को रात्रि में 10 से 2 बजे तक बिजली प्रदाय किया जा रहा है जिसका समय बदलकर शाम के समय किए जाने की मांग पर इन्होंने कहा कि लोड की समस्या पूरे प्रदेशभर में है, इसलिए तत्काल ऐसा किया जाना संभव नहीं है। कृषि उपज मंडी समिति, मार्केटिंग सोसायटी तथा कृषि समिति के चुनावों 12 साल से क्यों नहीं किए जा रहे है के जवाब में उन्होंने कहा कि यह चुनाव जल्द ही कराए जाएंगे। इसके सिवाय पत्रकारों ने अमरावती राजमार्ग रींग रोड बनाने, जिले का आर.टी.ओ. नंबर देने, नप कर्मचारियों का नियमित वेतन करने, स्थायी शिक्षा अधिकारी पदस्थ करने, वनविभाग में पदस्थापना के बावजूद बाबुओं के ना आने, सुभाष वार्ड में 14 साल से आंगनवाडी संचालित ना किए जाने पर ध्यान आकृष्ट करते हुए इन समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग की। बीते 2 में सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि जिले हनुमान लोक का कार्य 35 प्रतिशत पूरा हो गया है, राजस्व महाअभियान 1 और 2 में पांढुर्ना जिला प्रदेश में टॉपर रहा। 203 ग्रामों में लोगों को स्वामित्व अधिकारपत्र वितरीत किए, प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत किसानों को 61 करोड 49 लाख रू. प्राप्त हुए, किसान कल्याण योजनांतर्गत किसानों को 53 करोड 25 लाख रू मिले, जिले के समस्त नगरीय निकायों को अमृत 2.0 योजना में 3305.61 लाख रू. के निर्माण स्वीकृत हुए, एसबीएम 2.0 वेस्ट मेनेजमेंट के तहत जिले के नगरीय निकायों को 2779 लाख रू. प्राप्त हुए, भूली जलाशय का कार्य तेजी से आगे बढ रहा है।

### खजरी, नोनिया करबल और चंदनगांव में काटी गई अवैध कॉलोनियां

# अवैध कॉलोनियों पर चला निगम का डंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा शहर में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए खजरी, चंदनगांव और नोनीया करबल क्षेत्र में याकूब कुरैशी पिता शेर मुहम्मद ,अब्दुल एजाज़ पिता अब्दुल क़ुरैशी और सिब्तेन राजा पिता याकूब कुरैशी की कॉलोनियों को अनाधिकृत घोषित किया गया है। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के तहत की गई है।

**पहला मामला :** खजरी में अब्दुल एजाज़ पिता अब्दुल क़ुरैशी वार्ड क्रमांक 03, मौजा खजरी में बिना ले-आउट स्वीकृति, बिना कॉलोनाइजर लाइसेंस, पंजीयन और विकास अनुमति के भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित कर विक्रय किया गया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान अवैध कॉलोनी विकसित पाए जाने पर पंचनामा तैयार किया गया। नोटिस जारी करने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कॉलोनी को अनाधिकृत घोषित किया गया।

**दूसरा मामला :** नोनीया करबल में याकूब कुरैशी पिता शेर मुहम्मद और सिब्तेन राजा पिता याकूब कुरैशी मौजा नोनीया करबल में बिना वैधानिक अनुमति के 9 भूखंडों में विभाजन कर अवैध कॉलोनी विकसित की गई। निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर इस कॉलोनी को भी अनाधिकृत घोषित किया गया।

**तीसरा मामला :** पाठाढाना चंदनगांव में सिब्तेन राजा पिता याकूब कुरैशी मौजा चंदनगांव ( ) में लगभग 1.28 हेक्टेयर भूमि पर बिना अनुमति अवैध कॉलोनी विकसित कर सड़क एवं नाली निर्माण किया गया। नोटिस के बाद भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कॉलोनी को अनाधिकृत घोषित किया गया।

नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्लाट खरीदने से पहले नगर निगम से वैधता की पुष्टि अवश्य करें।नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। बिना ले-आउट स्वीकृति, कॉलोनाइजर लाइसेंस और विकास अनुमति के कॉलोनी विकसित करने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

हरिभूमि




सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाजार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठबार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार बर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृदि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## अधिकारियों को दिए निर्देश, वीआईपी कल्चर को छोड़कर ग्रामीण के घर किया विश्राम

# प्रभारी मंत्री ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



औद्योगिक क्षेत्र की ग्राम पंचायत तिगांव में गुरुवार की रात्रि मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री एवं पांढुर्णा जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने अपनी कार्यशैली के अनुरूप एक बार फिर जमीनी स्तर पर जाकर ग्रामीणों के साथ में चौपाल लगाकर पैदल ग्राम का भ्रमण करते हुए जनसंवाद किया। इस दौरान शाम को सौसर भाजपा कार्यालय में फिर को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली,प्रभारी मंत्री श्री तोमर ग्राम तीनखेड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने किसी बंद कमरे में नहीं, बल्कि ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं सुनीं, साथ ही रात्रि में वीआईपी कल्चर को छोड़कर ग्रामीण के निवास स्थान पर विश्राम किया, प्रभारी मंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बात रखी। चौपाल के दौरान ग्रामीण शिकायतों के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा हुई। मंत्री ने बड़ी आत्मीयता से बुजुर्गों और युवाओं से बात की और उनकी परेशानियों को नोट किया। मंत्री श्री तोमर के द्वारा ग्राम ब्राह्मण के दौरान तीनखेड़ा सरपंच हरिदास धुर्वे, जनपद पोंचायत अध्यक्ष संजय भुते के निवास स्थान पर पहुंचकर परिजनों के साथ भोजन के साथ में ग्राम विकास एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर चर्चा की, वही देर रात तक खुले परिसर ओर ठंड में अंगीठी लगाकर ग्रामीणों से अनेक विषयों पर चर्चा की है।

### बोरगांव पहुंचकर यादव परिवार का किया सत्कार

प्रभारी मंत्री श्री तोमर के द्वारा तीनखेड़ा में चौपाल कार्यक्रम के बाद में शुक्रवार को रेस्ट हाउस में सौसर क्षेत्र के विकास को लेकर भाजपा नेताओं के साथ ही अधिकारियों से चर्चा की, बोरगांव पहुंचकर हाल ही में आईपीएल क्रिकेट लीक आरसीबी मैं चयन हुए युवा मंगेश यादव के पिताराम अवध यादव एवं माता रीता यादव से मुलाकात करते हुए इस उपलब्धि के लिए बधाई स्वागत सत्कार किया, सौसर भाजपा कार्यालय में पहुंचकर प्रभारी मंत्री श्री तोमर ने एसआईआर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ की मतदाता सूची का गहराई से अवलोकन किया जाए, ताकि बूथ स्तर पर पार्टी की स्थिति और मजबूत हो सके।बैठक में पूर्व मंत्री नाना मोहोड़, भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, मोहगांव नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे, संतोष सौसर नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे,राजेंद्र भक्ते,मोरेश्वर मर्सकोले, भाजपा नेता राहुल मोहोड़ उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं,सरपंच ने सौंपा प्रभारी मंत्री को ज्ञापन

ग्राम पंचायत बोरगांव में प्रभारी मंत्री के आगमन पर स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ ग्राम पंचायत की ओर से समस्याओं का ज्ञापन सोपा गया है। प्रभारी मंत्री को सोपे ज्ञापन में ग्राम पंचायत सरपंच पंकज श्रीपद दातारकर ने बताया की बोरगांव पंचायत में सड़क, स्कूल परिसर में लगा हुआ अतिक्रमण हटाने पेयजल, बिजली, नाली, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य विकास संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोपा है।

## बूथ कमेटी अध्यक्ष बने गोपाल चौकसे, समन्वयक कैलाश रावत



परासिया : कांग्रेस आला कमान के निर्देशानुसार शहर में बूथ कमेटी का गठन किया जाना है ।जिसके तहत शुक्रवार को परासिया वार्ड क्रमांक 4 और बूथ क्रमांक 125 की बैठक कांग्रेस कार्यालय में रखी गई । बूथ कमेटी की बैठक में जिसमें सर्वसम्मति से गोपाल चौकसे को बूथ का अध्यक्ष व कैलाश रावत को बूथ का समन्वयक बनाया गया है ।इस बैठक में सर्वसम्मति से बूथ के सदस्यों का चयन किया गया । इस बैठक में वार्ड के पार्षद वीर बहादुर सिंह ने मंच का संचालन और आभार भी व्यक्त किया । ब्लाक अध्यक्ष कमल राय , समन्वयक बसंत मालवीय , महामंत्री अलाउद्दीन खान , ब्लाक अध्यक्ष महिला अंजली श्रीवास्तव , युंका विधानसभा अध्यक्ष उत्कर्ष वाल्मीकि , वरिष्ठ कांग्रेसी गगन खंडूजा , नगर महिला अध्यक्ष सावित्री वर्मा , सेवादल अध्यक्ष सुरेंद्र झाड़े , पार्षद प्रतिभा सोनी , विवेक मिश्रा , सैफ खान , भावना साहू , एन एस यू आई ब्लाक अध्यक्ष आनन्द बेलवंशी , तारा श्रीवास्तव अशफाक खान , नवीन परते , चांद अली , राजा सराठे , स्वप्निल करानिया , फराज हुसैन , सतनाम सिंह भमरा , ईदू खान , आकाश यदुवंशी , धनशायम साहू , विनोद बोनेकर , सुजल वाजपेई , सोनू गुप्ता , अकरम खान , नरेश बोनेकर , अनीस खान सहित वार्ड क्रमांक 4 बूथ 125 के सदस्य उपस्थित थे ।

## ब्लड बैंक, ओपीडी पर्ची ऑनलाइन तथा डायलिसिस मशीन के सेटअप के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



उर्जा एवं प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की अध्यक्षता एवं कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में आज यहां जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इसमें प्रभारी मंत्री ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रभारी मंत्री ने निर्देश जारी किए।

बैठक में पांढुर्ना एवं सौंसर विकासखंड की जनसंख्या के डाटा को मतदाता सूची प्रकाशन उपरांत राजस्व कार्यालय से समन्वय स्थापित कर सुधार करने के निर्देश दिए। प्रतिदिन की ओपीडी पर्ची को रोगी कल्याण समिति में प्रस्ताव पारित कर ऑनलाइन पर्ची बनवाए जाने, सौंसर एवं पांढुर्ना के सिविल अस्पताल में सफाई व्यवस्था सुदृढ करने हेतु सफाई मशीन की व्यवस्था बनाने, डायलिसिस मशीन का पूर्ण सेटअप तैयार करने तथा टेक्निशियन एवं जरूरी स्टाफ की मांग का प्रस्ताव भेजने, सौंसर एवं पांढुर्ना में ब्लड बैंक यूनिट की स्थापना के लिए लैब टेक्निशियन एवं पैथोलॉजिस्ट की सुनिश्चितता करने, आरबीएसके के तहत जिन बच्चों को सर्जरी हेतु चिन्हित किया जा रहा है, उन्हें आने जाने की सुविधा दिलाने के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी से फंड उपलब्ध कराने, सौंसर में वर्ष 2017 में निर्मित नर्सिंग छात्रावास को 15 दिनों के भीतर हैंडओवर कराने की प्रक्रिया पूरी किए जाने के निर्देश प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दिए।

इस बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, सीएमएचओ डॉ. नरेश गोन्नाडे, एसडीएम अलका एक्का, संयुक्त कलेक्टर नेहा सोनी, डीएचओ डॉ. अर्चना कैथवास तथा छिंदवाडा एवं पांढुर्ना स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### 21 दिसम्बर को पुण्यतिथि कार्यक्रम बैठक का आयोजन

सौंसर। आगामी 21 दिसंबर रविवार को वार्ड क्रमांक 15 स्थित संजय नगर के बुद्ध विहार में संत गाडगे बाबा के पुण्यतिथि अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बौध्द नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति के जन्मदाता डॉ अशोक भगत,मार्गदर्शक मुरलीधर कामले,राजेश बागड़े लक्ष्मीदास बोरकर ने बताया कि 21 दिसंबर रविवार शाम 6 बजे राष्ट्र संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रबुद्ध बुद्ध विहार संजय नगर मैं कार्यक्रम किया जा रहा है कार्यक्रम के पश्चात समाज बंधुओ की बैठक का आयोजन होगा,बैठक में आगामी समय में रमाबाई आम्बेडकर जयंती, सौसर पांढुर्ना में बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन,महाबोधि महाविहार मुक्ति के लिए भंते वीणाचार्य जी के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन के अंतर्गत 12 फरवरी को दिल्ली में होने वाले धरना प्रदर्शन में शामिल होने, आंदोलन को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैठके, आने जाने की व्यवस्था बनाने आदि को लेकर चर्चा की जाएगी,बैठक एवं पुण्यतिथि कार्यक्रम में सभी क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर की ओर से की गई है।

### जगदीश त्रिवेदी बने जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य



पिपलानारायणवार। नगर के वार्ड नंबर 7 निवासी एवं विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाओं से जुड़े जगदीश त्रिवेदी को पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की ओर से एक पत्र जारी करते हुए जिला विकास एवं सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया, पत्र में बताया गया है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ० मोहन यादव, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित जिला विकास एवं सलाहकार समिति में भाजपा नेता जगदीश त्रिवेदी को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। समिति में प्रद्युम्न सिह तोमर, उर्जा मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी मंत्री जिला पांढुर्णा समिति के पदेन उपाध्यक्ष है। श्री त्रिवेदी भविष्य में जिला विकास सलाहकार समिति के माध्यम से जिले के समावेशी विकास के लिये अपने अमूल्य सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे,इस नियुक्ति पर पीपला नगर वासियों के अलावा विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा जगदीश त्रिवेदी को बधाइयां दी जा रही है।

### नगर पालिका अध्यक्षीय परिषद की बैठक संपन्न

जुन्नारदेवः नगर पालिका में अध्यक्षीय परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता रमेश सालोडे ने किया। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे ने समस्त प्रस्ताव की बारी-बारी से जानकारी दी। जिस पर विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में प्रस्तावित 11 प्रस्तावों पारित किए गए। प्रस्ताव क्रमांक 5 पर वार्ड के पार्षद अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन ने प्रस्तावित निर्माण पर समस्त सामग्रियों के सत्यापन की बात कहीं। अमृत 2 अंतर्गत प्रस्ताव क्रमांक 9 पर स्वीकृत वाटर सप्लाई परियोजना निर्माण कार्य की लागत 6 करोड़ 22 लाख का आदेश कार्य को पूर्ण करने की अवधि 12.9.2025 के कार्य की समय वृद्धि तीन माह और बढ़ा दिया गया है।इस परियोजना का लगभग 20% प्रतिशत कार्य नगरी निकाय में किया गया है। बैठक में सभापति अमित यादव श्रीमती सीमा चौरसिया श्रीमती लक्ष्मी चंद्रवंशी श्रीमती नीता कारोलिया श्रीमती दीप्ति कांत साहू श्रीमती लता टांडेकर अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन निकाय के सब इंजीनियर अनुराग सरिया लेखपाल धामू सोनी अमूल संडे महर्षि चौरसिया गणेश चौरसिया मधु खड़ी पूरे सहित विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी अध्यक्ष परिषद में उपस्थित रहे।

### राज्य कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन, ई पी एफ कटौती, 9 आकस्मिक और 1 साप्ताहिक अवकाश की रखी मांग



न्यूटन / परासिया :- मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के नेतृत्व और संगठन के जिला अध्यक्ष एम के मौर्य , चतुर्थ श्रेणी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय डेहरिया , महामंत्री अर्जुन भारती की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें ई पी एफ कटौती , 9 आकस्मिक , 1 साप्ताहिक अवकाश सहित अन्य मांगे रखी गई । शुक्रवार को नगर पंचायत न्यूटन के प्रभारी सी एम ओ रोशन बाथम को सौंपे गए ज्ञापन में स्थाई एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के ई पी कटौती करने , वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में हुई न्यूनतम वेतन वृद्धि का एरियर्स देने , कर्मचारियों को 9 आकस्मिक और 1 साप्ताहिक अवकाश देने और हर माह की 1 से 10 तारीख के बीच भुगतान किए जाने की मांग रखी गई । नगर परिषद न्यूटन चिखली के विनियमित कर्मचारी , दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा । इसमें स्थानीय कर्मचारियों में शिवदास बेले , मुकेश बेले , राजीव डेहरिया , अरविंद लाहोरिया , योगेश यादव , निखिलेश गुप्ता , शिव शंकर बावरिया , रानी परोचे , हिना खान , साजिद खान , सलीम खान , राकेश बचले , जगदीश यदुवंशी , मंतोष बावरिया एवं अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित रहे । मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने जल्द सभी मुद्दों के निराकरण का आश्वासन दिया ।

### नैनपुर में 24 को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

मण्डला। स्वस्थ्य नगर अभियान के अंतर्गत आगामी 24 दिसंबर को नैनपुर नगर में आयोजित किए जाने वाले निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर को लेकर नगर में जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में नगर के विभिन्न वार्डों में हर घर पंपलेट वितरण कर नागरिकों को स्वास्थ्य शिविर की जानकारी दी गई तथा शिविर से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। पंकज कुमार सोनी ने बताया है कि प्रचार अभियान के दौरान वार्ड नंबर 7 ईटका, वार्ड नंबर 14 शांति नगर एवं वार्ड नंबर 1 में सहयोगियों के साथ घर-घर जाकर नागरिकों से संपर्क किया गया। टीम ने लोगों को बताया कि यह शिविर पूरी तरह निःशुल्क है और इसका उद्देश्य नगरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### सुधार गृह में बांटी भागवत गीता



मण्डला। जिला सुधार गृह एवं बंदीग्रह में वरिष्ठ समाज सेवियों के द्वारा श्रीमद्भागवत गीता का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी उमा यादव ने बंदीजनों को गीता के महत्व और उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गीता के उपदेशों का पालन करके हम अपने जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं और अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारियों को पूरा कर सकते हैं जेल अधीक्षक संजय सहलाम ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गीता के उपदेशों का पालन करके हम अपने जीवन को सुधार सकते हैं और समाज में एक अच्छा नागरिक बन सकते हैं। इस कार्यक्रम में समाजसेवी शीतला वैष्णव, योगेश टेमरे, होटल नर्मदाइन से स्वाति जैन, शिरीष तिवारी गीता साहू एवं होटल नर्मदा इन के संचालक अनिरुद्ध तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार यादव ने किया।

### आयुष विभाग के कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधे लाल नरेटी ने बताया कि संभागीय आयुष अधिकारी जबलपुर के नाम डॉ.गायत्री अहाके जिला आयुष अधिकारी मण्डला को ज्ञापन सौंपा गया। वर्ष 2016-17 से आयुष विभाग के जबलपुर संभाग में कार्यरत आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी औषधि संयोजकों के वर्षों से लंबित द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान से वंचित रखा गया है, जबकि शेष संभागों में द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ पूर्व में ही दिया जा चुका है। आयुष विभाग में अनेकों बार लिखित एवं मौखिक रूप से आवेदन/ज्ञापन दिए जाने के बावजूद भी समयमान वेतनमान का लाभ से वंचित रखा है। जिससे कर्मचारी आर्थिक एवं मानसिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों से अनुरोध है कि अविलंब समयमान वेतनमान का लाभ दिया जावें। इस दौरान राजेश अम्पुरी, दीपक पाठक, श्रीचंद कुड़ापे, सतेन्द्र झारिया, प्रफुल्ल पटेल, गौरा मरावीं, सावित्री मरकाम, सूरज ठाकुर, भंवर सिंह कोकड़िया, कुमार सानू ठाकुर, दीपक चंद्रौल आदि मौजूद रहे।

## जन शिक्षा केंद्र स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आगाज, छात्र-छात्राओं ने दिखाएं हुनर



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज

नारायणगंज विकासखंड के अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र मानेगांव में आज दिनांक 18 12 2025 से तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता की शुभारंभ, मंडल अध्यक्ष किशनलाल तेकाम, एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष होसीलाल साहू की अध्यक्षता में तथा सरपंच ग्राम पंचायत पाठाश्रीमती मंगो बाई उरवेती एवं सरपंच ग्राम पंचायत घोटखेड़ा इंद्रजीत मरावी की गरिमा में उपस्थित रही। आज जो प्रथम दिवस खेल संपन्न हुई उनमें प्राथमिक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता माध्यमिक वर्ग की कबड्डी हाई स्कूल वर्ग की दौड़। यादि प्रतियोगिता संपन्न हुई है।द्वितीय चरण की प्रतियोगिताएं कल दिनांक को संपन्न होगी। उपरोक्त समस्त प्रतियोगिता हमारी जन शिक्षा केंद्र के प्रभारी नरेश सैयाम, एवं हाई स्कूल की प्रभारी अंग्रेज सिंह उइके, जन शिक्षक सुभाष साहू एवं सहदेव मरावी तथा वरिष्ठ शिक्षक उजियार सिंह मसराम , के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें जन शिक्षा केंद्र के समस्त शिक्षकों का भी सराहनीय योगदान रहा।

### नगर परिषद बिछिया के द्वारा द्विव्यांग को वितरण की गई ट्राई साईकिल



भुआबिछिया। मंडला नगर परिषद भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक 14 की दिव्यांग महिला अमरावती मरावी को नगर परिषद के पदाधिकारी के द्वारा ट्राईसाईकिल प्रदान की गई जिससे अव दिव्यांग महिला सहजता से आवागमन व जरूरत के अन्य कार्य स्वयं कर सकती हैं ट्राई साईकिल मिलने पर दिव्यांग महिला के चहरे में खुशी की झलक देखने को मिली इस पहल से दिव्यांग महिला के परिजन खुश नजर आये। ट्राई साईकिल वितरण में ये रहे उपस्थित अध्यक्ष नगर परिषद रजनी मरावी, शशिकांत श्रीवास्तव, प्यारेलाल कोरम नरेश कसार, हर्षलता श्रीवास, पूनम रजक, चेतना राजपूत, नारायणी साहू उपयंत्री एच.आर. कुरैशी मनोज निगम, मुकेश श्रीवास व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

**बदहाली** | मकर संक्रांति पर्व पर क्या मिट्टी-कीचड़ में स्नान करेंगे श्रद्धालु

# त्रिवेणी संगम महाराजपुर बदहाली का शिकार

* बाहर जिलों से आते हैं श्रद्धालुजन।





हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

महाराजपुर मण्डला जिले का प्रमुख धार्मिक एवं आस्था का केंद्र त्रिवेणी संगम, महाराजपुर इन दिनों बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। हर वर्ष मकर संक्रांति एवं नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर यहां हजारों श्रद्धालु स्नान एवं दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर संगम स्थल पर विशाल मेला भी आयोजित होता है, लेकिन पर्व में अब कुछ ही दिन शेष रहने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस तैयारियां शुरू नहीं की गई हैं। कई जिलों व राज्यों से पहुंचते हैं श्रद्धालु स्थानीय लोगों के अनुसार मकर संक्रांति के दिन केवल मण्डला जिले से ही नहीं, बल्कि बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा सहित आसपास के जिलों तथा छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए आते हैं। इतनी बड़ी भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं का दुरुस्त होना बेहद जरूरी है।संगम स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पक्के घाट एवं सीढ़ियों का निर्माण किया गया है, लेकिन लंबे समय से साफ-सफाई न होने के कारण ये घाट पूरी तरह मिट्टी और कीचड़ से पटे पड़े हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को मजबूरी में मिट्टी कीचड़ में ही स्नान करना पड़ सकता है, जिससे हादसों की आशंका भी बनी हुई है।सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के इंतजाम नदारद संगम स्थल पर सुरक्षा के कोई विशेष इंतजाम नहीं दिखाई दे रहे हैं। घाटों की पुताई, मरम्मत और सौंदर्यीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन प्रशासन की उदासीनता के चलते इस दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। अतिक्रमण की चपेट में संगम तीर्थ श्रद्धालुओं का कहना है कि सामाजिक कुंभ के दौरान संगम तीर्थ को व्यवस्थित ढंग से अतिक्रमण मुक्त कराया गया था, लेकिन बाद में कुछ लोगों द्वारा स्वार्थवश नर्मदा तट तक अतिक्रमण कर दुकाने लगा ली गईं। प्रमुख मार्गों पर दुकानों के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी हो रही है। साथ ही क्षेत्र में गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है।प्रशासन से त्वरित व्यवस्था की मांग आगामी एक माह के भीतर मकर संक्रांति एवं नर्मदा जयंती महोत्सव का आयोजन इसी पवित्र तीर्थ स्थल पर प्रस्तावित है। ऐसे में स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने, घाटों की मरम्मत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि धार्मिक कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हो सकें और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## रोटरी मंडला की मानवीय पहल, कटरा मिडिल स्कूल में स्वेटर वितरण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

शीत लहर और कड़ाके की ठंड के बीच विद्यार्थियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से रोटरी मंडला द्वारा कटरा मिडिल स्कूल में स्वेटर वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिडिल स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए गए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कार्यक्रम में रोटरी मंडला के अध्यक्ष प्रसन्न सराफ, सुरेश चौधरी, डॉ. राजेश चौरसिया, संजय तिवारी, अजय खोत, अविनाश गोयल, गीता कल्पीवार एवं दिलीप तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रसन्न सराफ ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज के कमजोर वर्ग, विशेषकर बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य की चिंता करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ठंड के मौसम में स्वेटर वितरण जैसे छोटे प्रयास बच्चों के जीवन में बड़ा सहारा बनते हैं और रोटरी मंडला भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर करती रहेगी। संजय तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति भी आवश्यक है। जब बच्चे सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में पढ़ेंगे, तभी उनका सर्वांगीण विकास संभव होगा। रोटरी मंडला का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सहयोग पहुंचाना है। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वेटर वितरण से बच्चों को ठंड से राहत मिलेगी और उनके नियमित विद्यालय आगमन में भी सहूलियत होगी। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही और उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों की ओर से रोटरी मंडला के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा जताई गई।

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीयकृत वेतन प्रोसेसिंग प्रणाली लागू

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आयुक्त, कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश, भोपाल के आदेशानुसार आईएफएमआईएस के माध्यम से केन्द्रीयकृत वेतन प्रोसेसिंग प्रणाली विकसित की गई है। जिससे समस्त श्रेणी के कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 01 तारीख को समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके। निर्देशों के अनुसार माह की 19 तारीख तक आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा प्रत्येक कर्मचारी को देय भत्तों एवं की जाने वाली कटौतियों की प्रविष्टि सिस्टम में की जाना आवश्यक है। जिन महीनों में कर्मचारियों को वेतनवृद्धि देय होती है, उन महीनों में संबंधित कार्यालय द्वारा समय पर वेतनवृद्धि की प्रविष्टि सुनिश्चित की जानी होगी। किसी कर्मचारी के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने की स्थिति में कर्मचारी की अनुपस्थिति अथवा स्टॉप सैलरी ऑर्डर सिस्टम में दर्ज किया जाना आवश्यक होगा।







# सुकतरा मेस्को एयरोस्पेस हवाई पट्टी हुई सील

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

एनएच-44 पर नागपुर रोड स्थित सुकतरा में मेस्को एयरोस्पेस द्वारा संचालित हवाई पट्टी को मध्य प्रदेश शासन, भोपाल तथा कलेक्टर सिवनी के आदेश पर सील कर दिया गया।
यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजय सेन (कुरई), थाना प्रभारी कुरई कृपाल शाह तेकाम, तहसीलदार सुधीर चौधरी, राजस्व निरीक्षक सुकतरा एवं पटवारियों की उपस्थिति में की गई। सीलिंग की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद हवाई पट्टी की संपूर्ण संपत्ति का प्रभार लोक निर्माण विभागको सौंप दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई शासन के निर्देशों के अनुरूप विधिवत प्रक्रिया अपनाकर की गई है।
प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त हवाई पट्टी पर रेड वल्ड कंपनी द्वारा प्रशिक्षण विमान ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट का संचालन किया जा रहा था बीते कुछ दिनों पूर्व प्रशिक्षण विमान उड़ान के दौरान 33 केवीए विद्युत लाइन से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें गंभीर सुरक्षा चिंता है सामने आई इसके पूर्व भी दो बार उड़ान से पहले प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल बाल बचा था।
लगातार हो रही इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण एवं जांच की गई जांच में यह तथ्य सामने आएगी कंपनी द्वारा निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मापदंडों का पालन नहीं किया गया, जिसके चलते शासन के निर्देश पर हवाई पट्टी को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है की जांच प्रक्रिया पूर्ण होने एवं सभी मानवों पर का पालन सुनिश्चित होने तक हवाई पट्टी का संचालन प्रतिबंध रहेगा।

### बंदोबस्त के दौरान प्रचलित आबादी की भूमि में नक्शा त्रुटि

# गरीबों को नहीं मिल पा रहा पीएम आवास योजना का लाभ

### पार्षद शिव नीता जितेंद्र राजपूत सहित अन्य पार्षदों ने सीएम से इस मामले में की मुलाकात

**नगरी प्रशासन मंत्री और राजस्व मंत्री को भी सौंपा पत्र**

हरिभूमि न्यूज छपारा।

छपारा नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 तिलक वार्ड से पार्षद शिवनीता जितेंद्र राजपूत लगातार वह अपने वार्ड में रहने वाले गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके जिसको लेकर उन्होंने स्थानीय स्तर पर जिला कलेक्टर और एसडीएम को पूर्व में भी पत्र के माध्यम और स्वयं मिलकर अवगत कराया था कि नक्शा त्रुटि के कारण पीएम आवास योजना का पात्र हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है. इतना ही नहीं यह स्थिति छपारा नगर परिषद अंतर्गत समस्त 15 वार्डों में कई वर्षों से शासकीय आबादी भूमि ग्राम की आबादी पर भूखंड के जारी पट्टो के आधार पर निवासरित परिवार हैं. परंतु उक्त भूखंड संबंधित प्रमाण पत्र होने के उपरांत भी वर्तमान में प्रचलित बंदोबस्त वह नक्शा त्रुटि के आधार पर शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हितग्राहियों को नहीं मिल पाने के चलते वार्ड के गरीब परिवारों को निराशा हाथ लग रही है. जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर गरीब परिवार का अपना मकान उसे छत मिल सके लेकिन राजस्व विभाग की लापरवाही का खामियाजा गरीब परिवारों को भुगतना पड़ रहा है और उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



जिसको लेकर गत दिवस छपारा नगर परिषद के तिलक वार्ड से भाजपा पार्षद शिवनीता जितेंद्र राजपूत सभापति एवं पार्षद विशाल सिंह, निर्मला ठकरिया, राकेश भारद्वाज, दिनेश उईक, दीपक मानू कोस्टा जिन्होंने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा एक पत्र सौंपा है. पत्र में लिखा है कि हितग्राहियों की पीएम आवास योजना में पात्रता होने के बावजूद भी प्रचलित बंदोबस्त व नक्शा त्रुटि के आधार पर उन्हें अपात्र की श्रेणी में चिन्हित किया जा रहा है. जिसके चलते गरीब और जरूरतमंद परिवार के लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. जबकि अपने कच्चे मकान में निवासरत कर रहे हैं छपारा ग्राम पंचायत के कार्यकाल के समय से ग्राम पंचायत को मकान टैक्स जल कर अन्य कारों का भुगतान भी निरंतर किया जा रहा है. पंचायत के कार्यकाल के दौरान से आज भी रिकार्ड में नाम भी दर्ज है. वर्तमान में यह परिवार जिस शासकीय भूमि पर निवासरत हैं. उनके निवासरित मकान के कारण किसी भी प्रकार का आवागमन संबंध व्यवधान नगरी व्यवस्थाओं को प्रभावित नहीं करता है. जबकि 1985 से यह परिवार निरंतर निवासरत हैं. जिन्हें इसी भूखण्ड भूखंड धारक प्रमाण पत्र पट्टा के आधार पर निवासरित परिवारों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बंदोबस्त व नक्शा त्रुटि का सुधार कराया जाकर जरूरतमंद परिवारों को अपना भूखंड धारक प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके और उक्त हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके यह मांग भाजपा के पार्षदों के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा जो सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं उन्हें भोपाल पहुंच कर दिया गया है और यह मांग की गई है यदि इस मामले पर राजस्व विभाग संज्ञान लेता है और अपनी रुचि दिखाती है तो बंदोबस्त के दौरान जो गड़बड़ी की गई है उसे पर सुधार कर गरीब जरूरतमंद परिवार जो कई वर्षों से निवासरित कच्चे मकान पर रह रहे हैं जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकता है उन्हें यह लाभ मिल सकता है लगातार यह मांग पार्षदों के द्वारा भी और गरीब परिवारों के द्वारा भी की जा रही है देखना होगा कब तक इस पर जिम्मेदार संज्ञान लेते हैं।



### नामदेव मंदिर में विशेष पूजा आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर के राजपूत कॉलोनी में नामदेव मंदिर में आज विशेष पूजा पाठ होगी। हर शनिवार को शाम 8.30 बजे हनुमान चालीसा का पाठ एवं नामदेव महाराज जी की आरती का कार्यक्रम होता है। 20 दिसंबर दिन शनिवार को नामदेव समाज के अध्यक्ष पवन नामदेव ने अपने जन्म दिवस पर विशेष पूजा पाठ का प्रबंध किया है। जिसमें समाज के सभी बंधु को मंदिर परिसर पर पहुंचकर पूजा पाठ का लाभ उठाने की अपील की गई है।

# विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति द्वारा रजवाड़ा लॉन में नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 21 दिसंबर को किया जा रहा है.
यह शीतकाल का मौसम ऑपरेशन की दृष्टी से हेल्दी सीजन माना जाता है अतः रविवार 21 दिसंबर को अधिक से अधिक नेत्र रोगियों को जिन्हें मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाना हो वे सुबह 10 बजे लुघरवाड़ा स्थित रजवाड़ा लॉन पहुँचे, यहाँ देवाजी नेत्रालय जबलपुर के अनुभवी चिकित्सको द्वारा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया जावेगा उसमें से जिन मरीजो को मोतियाबिंद और काँचबिंदु के ऑपरेशन किये जाना होगा उन मरीजो संस्था के विशेष वाहन द्वारा जबलपुर ले जाया जावेगा और अगले दिन ऑपरेशन कर तीसरे दिन उसी विशेष वाहन द्वारा मरीज को सिवनी वापस लाकर छोड़ा जावेगा, यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है, मोतियबिन्द से पीड़ित हर कोई भी मरीज इस शिविर का लाभ उठा सकता है, मरीज को अपने साथ आधार कार्ड की एक फ़ोटो कॉपी अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना होगा।
नागरिकों से निवेदन है कि अपने परिजनों, अपने आस-पास के नेत्र रोग से पीड़ित रोगी को रविवार 21 दिसंबर को इस शिविर में सुबह 10 बजे से 04 बजे के मध्य रजवाड़ा लॉन में जरूर लाये, और इस शिविर की जानकारी अन्य लोगो को दीजिये जिससे ज्यादा से ज्यादा नेत्र रोगियों को लाभ मिल सके।
नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति के मनीष अग्रवाल और ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बीते 08 वर्षो से यह निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक माह की 21 तारीख को यह निःशुल्क नेत्र शिविर रजवाड़ा लॉन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमे लगभग 07 हजार रोगियों का निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये जा चुके है।

# सेन समाज ब्लॉक केवलारी की सामाजिक बैठक का आयोजन

**सिवनी।** उगली खंड के हिंर्री संगम में आयोजित किया गया बैठक का संचालनपत्रकार एवं सेन समाज के वरिष्ठ संरक्षक अशोक बंदेवार के द्वारा किया गया उक्त बैठक में समाज में व्याप्त कु रितियों को धीरे धीरे समाप्त कर शिक्षित समाज एवं व्यापार के नए आयाम को लेकर चर्चा की गई बैठक में विशेष कर एक समाज एक संगठन के क्रांतिकारी निर्णय को लेकरक्षेत्र में व्याप्त छोटे-छोटे संगठनों का बिलय सेन समाज जिला सिवनी में किया गया एवं आगामी बैठक 9 जनवरी दिन शुक्रवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिसमें उंगली क्षेत्रकी कमेटी का निर्माण किया जाएगा। उक्त अवसर पर सेन समाज के वरिष्ठ संरक्षक नरेश बंदेवार केवलारी ,संतोष बंदेवार कान्हीवाडा , केवलारी सेन भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष रामदास बंदेवार ,अयोध्या बंदेवार पिपरिया ,सेन समाज केवलारी `वलारीअध्यक्ष रामनंदन बंदेवार , सेन समाज पलारी के अध्यक्ष मनोज बंदेवार ,सेन समाज कान्हीवाड़ा के अध्यक्ष लाल सिंह सराठे,सचिव रवींद्र बंदेवार, जित्तू लांजेवार , सतीश सिवनकर सहित सहित सैकड़ो सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# कलेक्टर ने धान उपार्जन एवं खाद वितरण केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शुक्रवार 19 दिसंबर को सिवनी विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र बंडोल एवं बहु उद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति बांकी उपार्जन केंद्र एवं खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती पटले ने धान की आवक, तुलाई की गति, बारदाना उपलब्धता, भंडारण और परिवहन व्यवस्था का अवलोकन किया। मानक ग्रेडिंग अनुरूप ही धान का उपार्जन करने के दिशा निर्देश उपस्थित संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं तथा उपार्जन कार्य को पारदर्शी एवं समयबद्ध रखने के निर्देश दिए उपस्थित कर्मचारियों को दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने खाद वितरण केंद्र में उर्वरकों की उपलब्धता का भी अवलोकन किया। उन्होंने वितरण पंजी, किसानों को दिए जा रहे खाद की मात्रा तथा स्टॉक पंजी की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों मांग अनुसार खाद का वितरण पूर्ण पारदर्शिता से किया जाए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने उपार्जन व वितरण कार्यों में तेजी लाने तथा उपार्जन व्यवस्थाओं को पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उप संचालक कृषि श्री एस एस धुर्वे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# सोमनाथ मंदिर के चमत्कारी शिवलिंग के दर्शन कर देखे चमत्कार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**आर्ट ऑफ़ लिविंग सिवनी के द्वारा दिनांक 24 दिसंबर दिन बुधवार को शाम 6.30 बजे से रजवाड़ा में महा रूद्र पूजा एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है यात्रा के प्रभारी आनंद अग्रवाल द्वारा बताया गया कि सोमनाथ मंदिर के जिस विशाल शिवलिंग को 1000 साल पहले महमूद गजनवी ने नष्ट कर दिया था उसके अंश के रूप में सिवनी दो शिवलिंग सभी धर्म प्रेमी भक्तों के दर्शन एवं पूजा आरती के लिए आ रहे हैं कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के बेंगलुरु आश्रम से पधारे स्वामी द्वारा महा रूद्र पूजा संपन्न कराई जावेगी भगवान शिव के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ मंदिर के विशाल शिवलिंग को 1000 वर्ष पूर्व मोहम्मद गजनवी द्वारा नष्ट कर दिया गया था जिसे पुनर्जीवित करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि दक्षिण भारत के अग्निहोत्री ब्राह्मण के एक परिवार ने इस शिवलिंग के टूटे हुए टुकड़े ले लिए थे पिछले 1000 साल से वह पुजारी परिवार इन टुकड़ों को संभाल कर रखता आया है और हाल ही में अग्निहोत्री पुजारी परिवार के सदस्य सीताराम शास्त्री ने आर्ट ऑफ लिविंग के आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर से मुलाकात की ताकि सोमनाथ में लिंगम की प्राण प्रतिष्ठा की जा सके सीताराम शास्त्री जी को विरासत के रूप में मिले पवित्र शिवलिंग के टुकड़ों को संरक्षित कर रखे रहे ,कहा जाता है कि यह वही पवित्र शिवलिंग है जो गुरुत्वाकर्षण की चुनौती देते हुए हवा में स्थिर था साल 1924 में तत्कालीन शंकराचार्य ने इस परिवार को निर्देशित किया था कि यह ज्योतिर्लिंग को 100 वर्ष तक गुप्त रखें और इसकी पूजा जारी रखें और जब दक्षिण में कोई शंकर नाम से गुरु होंगे तो उन्हें यह ससम्मान देवें जिससे वे इस सोमनाथ ज्योतिर्लिंग को स्थापित करने की प्रक्रिया करें हम सिवनी की धर्म प्रेमी जनता का सौभाग्य है की उनके दर्शन करने और पूजा करने का हमें अवसर मिला है अधिक से अधिक संख्या में पधार कर इस अवसर का लाभ उठावे।

# 30 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिवनी।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव में एक 30 वर्षीय युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
मृतक की पहचान जितेंद गुमास्ता पिता भागवत गुमास्ता के रूप में हुई है। किंदरई पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।
किंदरई थाने के एसएसआई लमना सिंह के अनुसार, जितेंद गुमास्ता ने रात में अपने कमरे में रस्सी से फांसी लगा ली थी। सुबह जब काफी देर तक उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों ने दरवाजा तोडक़र देखा। युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजनों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को फंदे से नीचे उतारा। पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिएपरिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि युवक की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# मक्के से भरा वाहन बेकाबू होकर पलटा

**सिवनी।** जिले के धूमा थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे-34 पर घोघरी कला ग्राम के पास गुरुवार देर रात सडक़ हादसा हुआ। मक्के से भरा एक 407 वाहन बेकाबू होकर पलट गया, जिससे चालक घायल हो गया।
जानकारी के अनुसार, यह 407 पिकअप वाहन गणेशगंज ग्राम से मक्के की बोरियां भरकर जबलपुर जा रहा था। नेशनल हाईवे 34 पर घोघरी कला ग्राम के पास पहुंचने पर वाहन अचानक बेकाबू होकर पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायल चालक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। सडक़ पर बिखरी मक्के की बोरियों और पलटे हुए वाहन को किनारे किया गया ताकि यातायात बाधित न हो।वाहन भीड़भाड़ वाले इलाके में पलटा, बड़ा हादसा टला जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां आमतौर पर लोगों और वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। गनीमत रही कि घटना के समय कोई अन्य व्यक्ति या वाहन मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



धूमा थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि घोघरी माल के समीप मक्के से भरा वाहन पलटने की सूचना मिली थी और फिलहाल मामले की जांच जारी है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है, लेकिन लापरवाही के कारण ऐसे हादसे हो रहे हैं।

# प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता के लिये राज्य शिक्षक संघ करेगा धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मप्र में शिक्षा की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से तत्कालीन सरकारों के द्वारा 1995 से लेकर 2006 तक विभिन्न नामों से शिक्षकों की भर्ती की गई!कभी शिक्षा कर्मी तो कभी गुरूजी तो कभी संविदा शिक्षक।
फिर 2007 में उक्त सभी प्रकार के शिक्षकों का एक नया कैडर बनाकर अध्यापक संवर्ग में संविलियन किया गया। राज्य शिक्षक संघ मप्र और अन्य संगठनों के लगातार संघर्ष के फल स्वरूप मप्र सरकार अध्यापक संवर्ग के शिक्षकों क्रो शासकीय कर्मचारी घोषित करते हुये 2018 में एक नया कैडर बनाकर राज्य शिक्षा सेवा में उनकी नियुक्ति कर दी और पूर्व में की गई सेवा क्रो शून्य कर दिया गया। जिससे शिक्षकों की सेवा अवधि कम हो गई जिससे उनको सेवानिवृति पर प्राप्त होने वाले पेंशन /ग्रेज्यूटी जैसे लाभो पर कुठारा घात हो रहा हैं जिससे शिक्षकों लाखो का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा हैं!इसी प्रकार से स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियो के द्वारा अनावश्यक दबाब देकर ई-अटेंडेंस लगाने के लिये परेशान किया जा रहा हैं।
राज्य शिक्षक संघ के जिला सचिव राकेश दुबे ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की राज्य शिक्षक संघ मप्र के प्रांतीय आह्वान पर प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता बहाल करने तथा ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग क्रो लेकर सम्पूर्ण मप्र में सभी जिला मुख्यालय पे राज्य शिक्षक संघ मप्र के बैनर तले 21 दिसंबर क्रो अम्बेडकर चौक सिवनी में एक दिवसीय धरना देकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं माननीय शिक्षा मंत्री मप्र शासन क्रो एक ज्ञापन दिया जायेगा।
इस कार्यक्रम में शिक्षक संवर्ग के समस्त संघो के जिला अध्यक्ष/कार्यकारणी एवं समस्त शिक्षकों से से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील संघ के जिला अध्यक्ष विपनेश जैन, गजेंद्र बघेल बृजमोहन सनोड़यि ,परस राम देशमुख, रघुवंशा पंन्द्रे, नीलेश जैन, नीरज दुबे, भोजेराम बघेलिया,राजेश तिवारी, कमलेश परिहार,राजेश विसेन,चित्तोड़ कुशराम,रामकृष्ण दुबे, सुनील तिवारी,चंद्र बघेल,केसव सनोड़िया, सुनील राजपूत, बृजमोहन बघेल, अनामिका बघेल समसुन्न निशा खान,कविता राय ने अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों से धरना में उपस्थित होने की अपील की हैं।

# भोमा मे प्रभु उपहार भवन का भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन 21 को

**सिवनी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भोमा द्वारा नवनिर्मित प्रभु उपहार भवन का भव्य उद्घाटन समारोह का आयोजन 21 दिसंबर को होने जा रहा है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में संपूर्ण सिवनी जिले से ब्रह्माकुमारी परिवार से जुड़े हजारों भाई बहने करेंगे शिरकत, इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान की जिला प्रमुख ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी,मौनी दादा आश्रम मजगमा से संत शिरोमणि बलवंतानंद जी, केवलारी क्षेत्र के विधायक ठाकुर रजनीश सिंह , बरघाट क्षेत्र के विधायक कमल मर्सकोलेभी उपस्थित रहेंगे। यह ध्यान केंद्र विश्व शांति की स्थापना एवं विश्व बंधुत्व के भाव को बढ़ाने में मददगार बनेगा, भोमा क्षेत्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी आरती दीदी ने कहा कि इस भवन को बनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य है की ,संपूर्ण भोमा क्षेत्र के भाई बहनों की आध्यात्मिक उन्नति कराना, शारीरिक बीमारियों के लिए एक्सरसाइज (व्यायाम) एवं मानसिक समस्याओं जैसे कि तनाव चिंता डिप्रेशन जैसी बीमारियों के समाधान के लिए ध्यान मेडिटेशन एवं कर्मों की गहन गति से लोगों को अवगत कराना,ताकि व्यक्ति यह समझ सके, कि हमारे जीवन में दुख और सुख केवल हमारी वजह से ही आता है, यह जानकर वह केवल सत्य को ही धारण करें ,और पुण्य कर्म, श्रेष्ठ कर्म को ही अपने जीवन में महत्व दे, ताकि भविष्य में आने वाली अनेक अनेक भयावह समस्याओं के समय वह अपने आप को इतना श्रेष्ठ और शक्तिशाली बना ले,कि वह स्वयं हर किसी की समस्या का समाधान कर सके,समस्या स्वरूप नहीं समाधान स्वरूप बन सके। आरती दीदी ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रातः 10.00 बजे से प्रारंभ होगा इसमें 10 बजे से शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा इसमें देवियों की सुंदर मनोरम झांकियां एवं भारत का गौरव नारी शक्ति का भव्य प्रदर्शन ,सांस्कृतिक कार्यक्रम पुराने वर्ष को विदाई नए वर्ष को बधाई के साथ-साथ कार्यक्रम में आए अतिथि गणों का एवं समस्त भाई बहनों का विशेष स्वागत और सम्मान होगा आगे दीदी ने कहा कि इस कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।



**खबर संक्षेप**

## श्री दादाबाड़ी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल में उत्साह के साथ मनाया वार्षिक स्नेह सम्मेलन



हरिभूमि न्युज बालाघाट । श्री जैन दादाबाड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल बालाघाट में मंगलवार को बड़ी धूमधाम से नूतनकला निकेतन के सभागार में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गयाकार्यक्रम में मुख्यअतिथि आदरणीय पदमेश शाह डिस्ट्रिक्ट जज बालाघाट, विशेष अतिथि श्रीमती भारती ठाकुर अध्यक्ष नगरपालिका परिषद बालाघाट, कार्यक्रम अध्यक्ष अजय लूनिया मैनेजिंग ट्रस्टी पार्श्वनाथ श्वेताम्बर मंदिर ट्रस्ट, बालाघाट के हस्ते दीप प्रज्जवलन कर माँ सरस्वती दादागुरुदेव एवं महावीर स्वामी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, दादागुरुदेव की वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया एवं परम्परानुसार अतिथियों का स्वागत सत्कार दादाबाड़ी जैन शाला परिवार के द्वारा किया गया। शाला में अध्ययनरत बोर्ड की कक्षाओं में प्रावीण्य सूची में आने वाले बच्चों को एवं खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए बच्चों को स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र से अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया गया। इसके पश्चात नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों द्वारा तैयार किये गए मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों की एक से बढ़कर एक प्रतिभायें देखने को मिली जिसे सभी ने सराहना की इस अवसर पर दादाबाड़ी शिक्षा समिति के अध्यक्ष आदरणीय सुभय वैद्य , सचिव आदरणीय राजेश जैन , कोषाध्यक्ष आदरणीय ज्ञानचंद कांकरिया , मार्गदर्शक सदस्य अभय सेठिया , अभिनव बाफना , गौरव सिंगी , आर.एस. बैस सेवानिवृत प्राचार्य, शुभम चौरड़िया , श्रीमती योगिता बोपचे पार्षद, श्रीमती संगीता कावरे पार्षद, स्कूल प्राचार्य सुश्री अलका चौधरी, वाइस प्राचार्य लक्ष्मी उके, समस्त शिक्षक गण एवं अभिभावककों की उपस्थिति रही।

## 44वें स्थापना दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ लांजी में भव्य समारोह

लांजी । नगर के मां गायत्री शक्तिपीठ में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के 44 वर्ष पूर्ण होने पर ब्लाक गायत्री परिवार ट्रस्ट शक्तिपीठ लांजी द्वारा 18 दिसम्बर को विविध कार्यक्रमों के साथ स्थापना दिवोत्सव मनाया गया। मां गायत्री शक्तिपीठ लांजी में 44 वर्ष पूर्व 18 दिसम्बर 1981 को आचार्य पं.श्रीराम शर्माजी के करकमलो द्वारा माँ गायत्री की प्रतिमाओं की स्थापना व प्राणप्रतिष्ठा की गई थी। इसी के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 18 दिसम्बर को वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर गायत्री परिवार से जुड़े भक्तजनों ने अपने गुरूदेव का पुण्य स्मरण कर उनके बताये हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः जप, ध्यान, योग से हुआ। प्रातः 10 बजे से 3 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ यशवंतराव बनोठे एवं डॉ छबीलाल मरठे, डॉ प्रहलाद बाहे, कवनलाल लिल्हारे द्वारा सम्पन्न कराया गया, जिसमें उपस्थित लोगो ने सामूहिक रूप से भाग लेकर आहूतियां डाली। अंत में आरती पूजन कर महाप्रसादी का वितरण किया गया इस अवसर पर देवेश चन्द्रकांत पाठक लांजी, मोहित तेजकांत पाठक लांजी व नारायण निकेश मिश्रा लांजी का जनेऊ संस्कार, श्रीमती साधना डिलेश नगपुरे कनेरी व कु. भूमि डिलेश नगपुरे कनेरी का दीक्षा संस्कार एवं निकिता अजय कचलाहे बिसोनी का पुंसवन संस्कार सम्पन्न कराया गया। इस अवसर गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टीगण व कार्यकर्ता के एल मेरहबान, सूरजलाल बिलावर, पी एल जैतवार, शिवकुमार अग्रवाल, श्रीमती शोभा वर्मा, लिलेश्वर खानोरकर, श्यामलाल पाण्डे, कान्ता तिड़के, पार्वती मतारे, सुमन पाण्डे, सुशीला सोनवाने, सुशीला रामटेककर, मालतीलता जैतवार, कौतिका शेंडे, विनिता सोमनकर, मीना कुंघाड़कर, प्रमिला बाई चौहान, नम्रता कबीरे, निर्मला सोनवाने, प्रमिला तिड़के आदि प्रमुख कार्यकर्ता के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

### कनकी दशराटोला नदी से हो रहा खुलेआम रेत का अवैध उत्खनन.

# वैनगंगा के सीने को चीर रहे रेत माफिया

### बिना नंबर के ट्रैक्टरों से धड़ल्ले से हो रहा परिवहन

**हरिभूमि न्यूज़ लालबर्रा।** जिले में बहने वाली जीवनदायिनी वैनगंगा नदी इन दिनों अवैध उत्खनन की गिरफ्त में है। ग्राम कनकी स्थित दशहरा टोला, 36वीं बटालियन के पीछे नदी तट से भारी पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन प्रतिदिन बेखौफ जारी है। स्थानीय प्रशासन की चुप्पी और उदासीनता के कारण अघोषित क्षेत्रों से खुलेआम रेत निकाली जा रही है, जिससे शासन को लाखों के राजस्व की हानि हो रही है।

### दिन-रात दौड़ रहे बिना नंबर के ट्रैक्टर

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सुबह के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक रेत का यह अवैध कारोबार चरम पर रहता है। बिना नंबर के दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी से रेत भरकर मुख्य मार्ग से गुजरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रेत माफिया इतने निडर हैं कि उन्हें किसी भी प्रशासनिक कार्रवाई का भय नहीं है। अवैध परिवहन का आलम यह है कि कनकी के पूर्व जिला पंचायत सदस्य राकेश डहरवाल के घर के पास खड़े होकर इस पूरे



नजारे को आसानी से देखा जा सकता है।

### अघोषित क्षेत्र से खनन, रॉयल्टी पर सवाल

बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जिस क्षेत्र को रेत खनन के लिए आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं किया गया है, वहां से इतनी भारी मात्रा में रेत कैसे निकाली जा रही है? क्या इन अवैध ट्रैक्टरों से किसी स्तर पर वसूली की जा रही है या फिर विभाग की सांठगांठ से यह खेल चल रहा है? बिना वैध रॉयल्टी के नदी के प्राकृतिक स्वरूप को बिगाड़ा जा रहा है, जिससे भविष्य में जल संकट और पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

### प्रशासनिक मौन पर उठ रहे सवाल

क्षेत्रीय जनता ने कई बार इस अवैध कारोबार की ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और खनिज विभाग की आंखों के सामने यह अवैध परिवहन हो रहा है, फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। अवैध रेत उत्खनन से न केवल राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि गांव की सड़कें भी खराब हो रही हैं। प्रशासन को तुरंत इस पर लगाम लगानी चाहिए।

### इनका कहना.

आपके द्वारा सुचना देने के बाद हमने रेत का काम बंद करवा दिए हैं.

**विवेक चौधरी**
**पटवारी कनकी**

# साडरा पंचायत में महिला सरपंच नहीं पति की चलती है सरपंची






### *सचिव पर भी शराब पीकर ड्यूटी आने के लग रहे आरोप*

**लांजी।** महिलाओं को सशक्त करने केंद्र और राज्य सरकार ने महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण तो दिया है जिसका फायदा भी महिलाओं को मिल रहा है लेकिन आज भी महिला सरपंच पति से आगे बढ़कर काम नहीं कर पा रही है। बनिस्मत यह पूरी स्थिति पंचायत पंच से लेकर सरपंच, नगर परिषद अध्यक्ष से नगर पालिका अध्यक्ष तक ऐसी ही स्थिति में है। प्रशासन लाख दावे करता हो कि जनप्रतिनिधी महिलाएं संस्थाएं चला रही है लेकिन प्रशासन के दावों से उलट पंचायतो में 'एसपीÓ(सरपंच पति) की चल रही है। बात करें साडरा पंचायत तो यहां विगत 15 वर्षो से ग्राम की जनता ने महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण पेश करते हुए तीन बार से श्रीमती लता बिल्हारे को सरपंच निर्वाचित किया है लेकिन दुर्भाग्य है की 15 सालों से पंचायत को 'एसपीÓ (सरपंच पति) लक्ष्मीप्रसाद बिल्हारे ही चला रहे है। वहीं ग्राम पंचों के द्वारा विरोध करने पर सरपंच द्वारा पति का पक्ष लेते हुए कहा जाता है की यहां पंचायत अधिनियम से नहीं हमारे द्वारा बनाये गये नियमों से कार्य होता है। इस संबंध में ग्राम के उपसरपंच चंद्रशेखर जामुरे ने बताया की सरपंच पति लक्ष्मी प्रसाद बिल्हारे लगातार तीन कार्यकाल से भ्रष्टाचार के कार्यों में इतने पारंगत हो चुके है की उनकी गलती पकड़ पाना हर किसी के बस की बात नहीं है। वहीं सचिव द्वारा पंचायत में शराब पीकर आने के कारण शासकीय कार्यों में बाधा पहुंचती है इस संबंध में उनके द्वारा क्षेत्रिय विधायक राजकुमार कर्राहे एवं जनपद सीईओ को भी लिखित शिकायत की मगर आज दिनांक तक ग्राम पंचायत साडरा में व्याप्त समस्याओं का हल नहीं निकाला जा सका।

### *परमिशन और एनओसी लिये बिना नहर की पार कर दी समतल....*

उपसरपंच चंद्रशेखर जामुरे ने बताया की ग्राम पंचायत साडरा से पालडोंगरी जाने वाली सिंचाई विभाग की नहर की पार को सरपंच पति द्वारा पंचायत में प्रस्ताव लिये बगैर ट्रेक्टर से जुताई कराकर उसे पहले तो खुदवाया गया इसके बाद उसका समतलीकरण किया गया। इस कार्य के लिये सरपंच पति द्वारा ग्राम पंचायत के किसी भी पंच को अवगत नहीं कराया गया। इसके साथ ही एरिकेशन विभाग से भी नहर में कार्य करने को लेकर कोई एनओसी या परमिशन नहीं ली गई। और उक्त नहर की पार में लगभग डेढ़ किमी का मार्ग समतलीकरण किया गया है। इस कार्य में ग्राम पंचायत के किसी भी पंच को जानकारी नहीं है परंतु सरपंच पति लक्ष्मी प्रसाद बिल्हारे द्वारा बकायदा ट्रेक्टर से उक्त स्थान की खुदाई कर जेसीबी का बिल लगाया है। और सबसे हैरान करने वाली बात यह है की जिस नंदिनी बिल्डर के नाम से बिल लगाया गया उसके पास जेसीबी ही नहीं है। सरपंच द्वारा इस कार्य के लिये 13200 का बिल लगाया गया है जो गंभीर जांच का विषय है।

### *छोटी-छोटी चोरियों से लाखों रूपये हो जाते है पार....*

उपसरपंच श्री जामुरे का कहना है सरपंच पति द्वारा पंचायत को ग्राम विकास के लिये मिल रही शासकीय राशि की सचिव खिलेंद्र परते के साथ मिलकर छोटी-छोटी राशियों का गोलमाल किया जाता है जिससे किसी को इस बात की भनक न लगे है परंतु इस कार्यकाल में मेरे द्वारा एवं अन्य पंचों द्वारा अपना विरोध जताने पर दुव्र्यवहार किया जाता है और कार्यों की जानकारी भी नहीं दी जाती और कुछ बोलने जाते है तो चिढ़ता है। वहीं इन सब कार्यों में सरपंच श्रीमती लता बिल्हारे द्वारा भी पति का साथ देते हुए भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उपसरपंच ने बताया की ग्रामीणों के साथ भी सरपंच एवं उनके पति के साथ-साथ सचिव का भी व्यवहार ठीक नहीं है। दुव्र्यवहार ज्यादा किया जाता है तथा पंचायत विकास के प्रति कोई दिलचस्पी नहीं है।

### *इनका कहना है....*

ग्राम में विगत 13 दिसंबर को मंडई कार्यक्रम का आयोजन था, जिसमें बाजार ठेके की राशि 50 हजार रूपये पंचायत के खाते में जमा करने की जवाबदारी उपसरपंच द्वारा ली गई थी परंतु उनके द्वारा 30 हजार रूपये ही जमा कराये गये। और मेरे शराब पीकर पंचायत आने के आरोप को उपसरपंच सिद्ध करके दिखाएं जिसके बाद मै अपने वरिष्ठ अधिकारियों को जवाब प्रस्तुत करूंगा। यह सारा विवाद बाजार ठेके की राशि को लेकर उपजा है जिससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।

***खुशेंद्र परते, सचिव***
**ग्राम पंचायत साडरा**

# गांधी चौक में चल रही राम कथा महापुराण

### राम-जानकी विवाह के साक्षी बने धर्मप्रेमी

**कटंगी।** नगर के गांधी चौक में जारी संगीतमय श्रीराम कथा महापुराण के पांचवें दिन व्यासपीठ पर आसीन कथावाचक संत श्री माधव दास जी महाराज ने राम-जानकी विवाह का सुंदर वर्णन करते हुए राम कथा सुनाई। राम कथा में संदीप चौधरी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और उनकी धर्मपत्नी एकता चौधरी ने मां सीता का किरदार निभाया जिनका कथा स्थल पर विवाह हुआ और इस विवाह के तमाम धर्मप्रेमी साक्षी बने। दोनों ने कथावाचक का आशीर्वाद प्राप्त किया। आदर्श जीवन शैली और सामाजिक समरसता का भाव जागृत करने के लिए नगर में समस्त धर्म प्रेमियों, नगर वासियों और तुलसी रामायण महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में 15 दिसंबर से संगीतमय श्री राम कथा महापुराण का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को कथावाचक ने श्रीराम सीता विवाह, लक्ष्मण परशुराम संवाद सहित अन्य प्रसंगो की कथा सुनाई। महाराज ने बताया कि माता सीता के स्वयंवर में भगवान राम और लक्ष्मण जनकपुरी पहुंचे जहां राजा जनक ने उनका भव्य स्वागत सत्कार किया जाता है। राजा जनक ने अपनी प्रतिज्ञा से सभी को अवगत कराते हैं कि जो भी शिव धनुष को तोड़ेगा उसी के साथ जानकी का विवाह होगा। राजा जनक का प्रण सुनकर देश देशांतर के बलशाली राजा आए लेकिन तमाम कोशिश के बाद भी धनुष नहीं तोड़ पाए और गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष उठा लिया। भगवान राम के छूते ही धनुष टूट गया और जानकी ने राम जी के गले में वरमाला डाल देती हैं। देवता ऊपर से पुष्प वर्षा करते हैं और चारों ओर खुशियां छा जाती हैं। राम कथा के बीच-बीच में कथावाचक सुंदर भजनों की प्रस्तुति देते रहे जिसे सुनकर धर्मप्रेमी मंत्रमुग्ध होकर भक्ति में झूमते हुए नजर आ रहे थे। शाम साढ़े 05 बजे आज की कथा को विराम देते हुए आरती और प्रसादी का वितरण किया गया। शनिवार को वनवास प्रस्थान, रविवार को केवट मिलाप, सोमवार को भरत मिलाप और फिर अंतिम दिन यानी मंगलवार को राम राज्याभिषेक की कथा का वाचन के साथ कथा का समापन होगा।



## जीतू डोंगरमाली, सुनील वारासिवनी व तेजराम खैरलॉजी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत

**वारासिवनी।** लंबी प्रतीक्षा के बाद आखिरकार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन के बाद नवीन ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा करते हुए सूची जारी की है। जिसमें वारासिवनी विधानसभा के तीन ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति भी की गई है
प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा जारी सूची के अनुसार वारासिवनी विधानसभा अंतर्गत वारासिवनी ब्लॉक अध्यक्ष सुनील राणा, डोंगरमाली ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह उर्फ जीतू राजपूत व खैरलॉजी ब्लॉक अध्यक्ष तेजराम नगपुरे को मनोनीत किया गया है। ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की सूची जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारीने इनसे उम्मीद की है कि वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, सिद्धांतों और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेगे एवं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभायेगे। कांग्रेस के तीनों ब्लॉकों की नियुक्ति पर कांग्रेसजनों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा की है।







# मायॅल कर्मचारी को बना दिया मनरेगा मजदूर

**कटंगी।** जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत तिरोड़ी में मनरेगा योजना में मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर धांधली करने का मामला सामने आया है। यहां पर एक मायॅल कर्मचारी को मनरेगा का मजदूर बना दिया गया और उसके नाम से भुगतान भी हुआ है। पंचायत के द्वारा बनाए गए मस्टर रोल में मायॅल कर्मचारी को 07 दिन मजदूरी करने और फिर मजदूरी का 1458 रुपए का भुगतान भी कर दिया गया है। पंचायत के सरपंच-सचिव और मेट इन तीनों जिम्मेदारों की करतूत तब उजागर हुई, जब मनरेगा में काम न करने वाले लोगों ने एनएमएस पोर्टल पर अपलोड अपनी फोटो को देख ली। बुद्धरत्न रावत ने इस पूरे मामले को लेकर बालाघाट कलेक्टर कार्यालय में शिकायत करते हुए तत्काल जांच करवाकर दोषी पाए जाने पर सरपंच-सचिव के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करवाने और जांच के दौरान सरपंच को पद से हटाए जाने की मांग रखी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सरपंच के पद में रहते हुए जांच प्रभावित हो सकती है। इसलिए सबसे पहले उन्हें पद से पृथक करना चाहिए क्योंकि मामला वित्तिय अनिमितताओं से जुड़ा हुआ है। शिकायतकर्ता ने बताया कि तिरोड़ी पंचायत ने डोंगरी बुर्जूग में पदस्थ वीरेन्द्र कुमार मेश्राम नाम के कर्मचारी को मनरेगा का मजदूर बना दिया और उसके नाम से भुगतान भी किया गया है। महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन द्वारा एक ओर ठोस कदम उठाया गया है। वहीं सरकार की आंखों में धूल झोंकते हुए तिरोड़ी पंचायत के सरपंच-सचिव और मेट ने एक मायॅल कर्मचारी को मनरेगा का मजदूर बना दिया है। हैरानी वाली बात तो यह है कि महात्मा गांधी नरेगा के कार्यस्थल पर मोबाइल एप के माध्यम से दिन में दो बार मजदूरों की हाजिरी ली जाती है। हाजिरी के साथ ही कार्यस्थल की फोटो भी मोबाइल एप में दर्ज की जाती है। हाजिरी लेने का काम मुख्य रूप से मेट को सौंपा गया है। बावजूद इसके एक मायॅल कर्मचारी को मजदूर बना दिया जाना और उसके बाद भुगतान का होना कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है। यह तो वह मामला है जो पकड़ में आया है। अगर, अधिकारी इमानदारी से जांच करे तो और भी बहुत काले कारनामे साने आ सकते है। दरअसल, तिरोड़ी पंचायत में सरपंच फौजिया खान है लेकिन पंचायत उनके जेठ पंच फिरोज खान संभालते है। गांव के लोग उन्हें ही सरपंच के नाम से बुलाते है। फिरोज खान के परिवार से जुड़ी महिला सरपंच होने के कारण सचिव से लेकर मेट भी उनके ही इशारों पर काम करते है। जिला पंचायत बालाघाट ने बीते दिनों कटंगी जनपद की ग्राम पंचायत आंजनबिहरी के सरपंच दीपक पुष्पतोड़े को मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत सरपंच के पद से हटा दिया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला बालाघाट (म.प्र.)**
//ईश्तेहार प्रकाशन//
प्रकरण क्रमांक/0108/बी-121/2025-2026
मौजा कोस्ते तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट ( म.प्र. )
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर ने अनावेदक ओमप्रकाश चौधरी पिता खिलेश्वर चौधरी निवासी वार्ड नं. 13 कोस्ते पोस्ट कोस्ते तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट के विरुद्ध वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। अनावेदक पक्ष ने ऋण सुविधा प्राप्त कर आवेदक बैंक के पक्ष में मौजा ग्राम कोस्ते प.ह.नं. 15/29 रा.नि.म. वारासिवनी तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट में ख.नं. 365/12/2/1/2 रकबा 2452.21 वर्गफीट भूमि को प्रतिभूति हित का सृजन किया गया है। चूंकि अनावेदक पक्ष द्वारा ऋण राशि का भुगतान आवेदक बैंक को नियमित रूप नही किया जा रहा है तथा सूचित करने पर भी ऋण अदायगी नहीं की गई है। फलस्वरूप आवेदक बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 13 ( 2 ) के प्रावधानों के तहत् अनावेदक पक्ष को सूचना पत्र प्रेषित कर ऋण अदायगी हेतु 60 दिवस का समय दिया गया। नोटिस तामिल होने के बाद भी ऋण अदायगी नहीं किये जाने पर बैंक द्वारा विधि अनुसार बंधक संपत्ति को बैंक के पक्ष में अधिग्रहण का पत्र अनावेदक पक्ष को देकर अधिपत्य प्रदान करने हेतु लिखा गया है। अत: उक्त के संबंध में अपील में शामिल हितबद्ध पक्षकार के अतिरिक्त अन्य हितबद्ध पक्षकार को आपत्ति होने पर स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में सुनवाई 30.12.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत करते है बाद समयावधि में कोई विचार नही किया जावेगा।
**प्रभारी अधिकारी**
**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला बालाघाट (म.प्र.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बालाघाट (म.प्र.)**
क्रमांक 9281/अति.कले./वि.अधि./2025
बालाघाट दिनांक 25/11/2025
:: आम-सूचना ::
विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विशेष विवाह हेतु आवेदकगण आवेदक मोहित चौरे उम्र 27 वर्ष पिता सुरेन्द्र चौरे जाति महार निवासी ग्राम टेकाड़ीघाट पोस्ट मिरपुर तहसील खैरलांजी जिला बालाघाट (म.प्र.) एवं आवेदिका प्रिया चौहान उम्र 23 वर्ष, पिता नानकराम चौहान जाति पंवार निवासी ग्राम पिपरवानी थाना व तहसील कुरई जिला सिवनी (म.प्र.) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें विशेष विवाह हेतु सुनवाई दिनांक 24/12/2025 को नियत की गई है ।अत: उक्त विवाह के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सुनवाई दिनांक 24/12/2025 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रात: 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बालाघाट (म.प्र.)**

# ऑनलाइन भुगतान के बाद भी ग्राहक से बदसलूकी

### गैस एजेंसी संचालक की मनमानी से ग्राहक तंग

**कटंगी।** 'रस्सी जल गई बल नहीं गया' यह कहावत तो आप सभी ने सुनी ही होगी। यह कहावत रतन शीला इंडेन गैस एजेंसी के संचालक के परिजन पर खूब बैठती है। एक समय था जब शहर में इंडेन गैस एजेंसी के अलावा कोई अन्य कंपनी की गैस एजेंसी संचालित नहीं थी तब इस एजेंसी के संचालक और उनके परिजन के दुर्व्यवहार और बदसलूकी ग्राहकों ने झेली और सहन भी की। किंतु अब समय बदल गया है शहर में एक नहीं बल्कि अन्य गैस कंपनियों की एजेंसी के एजेंट घर पहुंच सेवाएं दे रहे है। बावजूद इसके रतनशीला इंडेन गैस एंजेसी संचालक और उनके परिजन सीधे-सादे ग्राहकों से बदसलूकी करते है। ऐसा ही एक मामला हाल में सामने आया है। मुंदीवाड़ा निवासी मुकुंद विश्वकर्मा ने बताया कि गत दिवस 15 दिसबंर को उन्होंने गैस बुकिंग करवाई और पूर्व की तरह आनलाइन भुगतान भी कर दिया। लेकिन जब एजेंसी का वाहन गैस सिलेंडर लेकर घर पहुंच सेवा देने के लिए पहुंचा तो पैसों की मांग की गई। मुकुंद बताते है कि उन्होंने आनलाइन भुगतान की रसीद भी दिखाई लेकिन भुगतान नहीं मिलने की बात कहते हुए सिलेंडर नहीं दिया गया और एजेंसी के कार्यालय में संपर्क करने के लिए कहा गया जब वह कार्यालय पहुंचे और सिलेंडर का ऑनलाइन भुगतान किए जाने की बात बताने लगे तो उनके साथ बदसलूकी की गई। रतन शीला इंडेन गैस एजेंसी के द्वारा समय-सीमा में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराने और कई बार घर पहुंच सेवा के नाम पर अधिक राशि लेने की शिकायत भी मिलते ही रहती है। ग्राहक अकसर एजेंसी के संचालक और उनके परिजन के दुर्व्यवहार की शिकायत करते है और यहां तक बताते है कि उन्हें गैस सिलेंडर नहीं दिए जाने की धमकी भी दी जाती है। इस एजेंसी की एक नहीं बल्कि कई बार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी की गई है। नाराज ग्राहक ने स्थानीय स्तर पर खाद्य अधिकारी तक भी मौखिक शिकायत की लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण एजेंसी के संचालक और उनके परिजन के हौसले बुलंद है। यहां बताना जरूरी है कि सरकार द्वारा गैस की तय कीमत पर गैस एजेंसी को ग्राहकों के घर तक सिलेंडर पहुंचाना होता है। इसी में डिलीवरी मैन की मजदूरी भी शामिल होती है परंतु गैस एजेंसी के डिलीवरी मैन ग्राहकों से सिलेंडर घर पहुंचाने के अतिरिक्त पैसे वसूलते है और ग्राहक के कार्ड में सरकार की तय कीमत ही लिखते है। इन शिकायतों के देखते हुए जब ग्राहकों ने आनलाइन भुगतान का विकल्प चुना है तो अब भुगतान नहीं मिला इस बात को लेकर ग्राहकों को परेशान किया जा रहा है मुकुंद विश्वकर्मा नाम का ग्राहक ऐसी ही परेशानी से दो-चार हो रहा है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करवाई है।

